दिन– गुरूवार | दिनांक– 24 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – सेवा की भावना से चार करोड़ परिवारों को घर और पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गंगा, गंडक और कोसी नदी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। गाद प्रबंधन के लिए अधिकारियों को दिए विशेष निर्देश।

03. समस्तीपुर में एक नाबालिग छात्रा से दुर्व्यवहार के मामले में चार अभियुक्त गिरफ्तार। विपक्ष का आरोप – राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर।

04. और, मौसम विभाग ने भभुआ, गोपालगंज और पश्चिम चंपारण जिले में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जीवन का मुख्य उद्देश्य सेवा हर व्यक्ति में स्वाभाविक रूप से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में भी, सर्वोच्च पद पर पहुंचने के बाद सेवा ही मार्गदर्शक सिद्धांत रहना चाहिए। प्रधानमंत्री आज वडनगर से वाराणसी तक यात्रा कर रहे सेवा यात्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद कर रहे थे।

––साउंड बाइट––

सेवा यही मुख्य हमारा काम होना चाहिए और हम सेवा कर करके ही सेवा का संदेश देंगे। शब्दों में नहीं देंगे। हमारे अपने आचरण से लोगों को पता चले की राजनीति में सत्ता कितनी ही क्यों बड़ी हो जाए, लेकिन हमारा मार्ग सेवा का ही रहेगा। कितने ही ऊंचे शिखर पर पहुंचेंगे, लेकिन सेवा परमो धर्म इस भाव को लेकर आगे बढ़ेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम–किसान और पीएम सूर्य घर योजना जैसी अनेक योजनाओं की पहचान अंतिम छोर तक पहुंचने वाली सेवाओं के रूप में बनी है। श्री मोदी ने कहा कि सेवा की भावना से ही चार करोड़ गरीब परिवारों को पक्के मकान मिल सके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सेवा की भावना देश की नीतियों में शामिल होती है, तो ऐसी योजनाएं सामने आती हैं, जिनसे पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकलने में मदद मिली है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में लोक सेवक आवास के संकल्प सभागार में गंगा, गंडक और कोसी नदी परियोजना की प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा की। इस दौरान कोसी नदी में बाढ़ की समस्या और नदियों में गाद प्रबंधन को लेकर विशेष कार्यनिर्देश दिये गये हैं। बैठक में बक्सर–भागलपुर सिक्स लेन ग्रीन फील्ड सड़क परियोजना और पीरपैंती स्थित चौबीस सौ मेगावाट के ताप विद्युत उत्पादन इकाई से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पीएम कुसुम योजना के तहत किये जा रहे कार्यों की प्रगति को लेकर भी अधिकारियों से जानाकरी प्राप्त की।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सीएम राहत कोष में अपने एक माह के वेतन का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में कई वरिष्ठ नेताओं को नई जिम्मेदारी दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नई नियुक्ति की घोषणा की है। सौदान सिंह को राष्ट्रीय सह–महामंत्री संगठन की जिम्मेदारी दी गयी है। उनके पास बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल का प्रभार रहेगा। भिखुभाई दलसानिया को बिहार भाजपा का प्रदेश महामंत्री संगठन बनाया गया है। अनंत नारायण मिश्र को भागलपुर, पूर्णिया और कोसी क्षेत्र के संगठक की जिम्मेदारी दी गयी है।

———————————————————————

मतदाता सूची के विशेष गहन पुर्नरीक्षण पर दो चुनाव आयुक्तों की असहमति को लेकर मीडिया के एक वर्ग में आई खबरों को लेकर विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांगा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट से संज्ञान लेने और एसआईआर प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। निर्वाचन आयोग ने प्रेस नोट जारी कर कहा है कि आयोग के अंदर सभी फैसले सर्वसम्मति से लिये जा रहे हैं। आयोग ने कहा है कि वैचारिक मतभेद का मतलब टकराव नहीं समझा जाना चाहिए। आयोग ने कहा है कि निर्वाचन आयोग के सभी सदस्य सुझाव देने के लिए अधिकृत हैं। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि हाल के महीनों में चालीस नई

पहल शुरू की गयी है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने चुनाव आयोग पर विपक्ष के आरोप को बेबुनियाद बताया है।

———————————————————————

सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने चुनाव आयोग के फैसलों पर विवाद को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि चुनाव आयुक्तों का सामूहिक निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में जो निर्णय लिये है वो सर्वमान्य है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के कर्पूरी ग्राम थाना क्षेत्र में बूढ़ी गंडक नदी के बाइपास बांध के पास एक नाबालिग छात्रा से दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप ने बताया कि इस मामले में पुलिस की ओर से ही प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि लड़की की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी ने घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि अपराधियों को किसी भी स्तर पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने जमुई और समस्तीपुर घटना को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से साफ हो गया है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति समाप्त हो गयी है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन सेवा और सुशासन के पच्चीस वर्ष पूरे कर रहे हैं। इस अवसर पर हम 'सेवा संकल्प अभियान' की विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहे हैं। आज प्रस्तुत हैं– छोटे व्यापारियों को पूंजी प्रदान करने, नए उद्यमियों को सहायता देने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष दो हजार पंद्रह में शुरू हुई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, यानी पीएमएमवाई, अब देश के करोड़ों छोटे उद्यमियों तक पहुंच चुकी है। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

छोटे व्यापारियों को पूंजी प्रदान करने, नए उद्यमियों को सहायता देने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में शुरू हुई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, यानी पीएमएमवाई, अब देश के करोड़ों छोटे उद्यमियों तक पहुंच चुकी है। आठ अप्रैल 2026 तक योजना के तहत 57 करोड़ 79 लाख से ज्यादा ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि वितरित की जा चुकी है। योजना के तहत पात्र छोटे और सूक्ष्म उद्यमों को बिना संपार्श्विक यानी बवससंजमतंस के संस्थागत ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

——साउंड बाइट——प्रधानमंत्री ——

योजना में महिला उद्यमियों की भागीदारी भी बड़ी हैकृआंकड़ों के मुताबिक कुल ऋण खातों में लगभग दो–तिहाई ऋण महिलाओं को दिए गए हैं। 2024 में मुद्रा ऋण की अधिकतम सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की गई। इसके लिए 'तरुण प्लस' श्रेणी शुरू की गई, जो पहले का तरुण ऋण सफलतापूर्वक चुकाने वाले उद्यमियों के लिए है।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में योजना के लाभार्थी कहते हैं कि "मुद्रा लोन मिलने के बाद उन्होंने अपना काम आगे बढ़ाया और इससे उनके रोजगार/व्यवसाय में फायदा हुआ हैं।

——साउंड बाइट——लाभार्थी——

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार, 2015 से 2018 के बीच मुद्रा योजना से जुड़े उद्यमों में 1 करोड़ 12 लाख शुद्ध अतिरिक्त रोजगार सृजित होने का अनुमान दर्ज किया गया था। यानी मुद्रा योजना के जरिए छोटे कारोबार को वित्तीय सहारा देने के साथ, स्वरोजगार और उद्यमिता को भी बढ़ावा देने की कोशिश की गई है। **आकाशवाणी समाचार के लिये बेगूसराय से विजय कुमार झा।**

————————————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार, सत्ताईस सितंबर को खुले रहेंगे। मंत्रालय ने बताया कि यह निर्णय यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की ओर से अट्ठाईस सितंबर से प्रस्तावित तीन दिन की देशव्यापी बैंक हड़ताल को देखते हुए लिया गया है। मंत्रालय ने बैंकों को पच्चीस सितंबर तक वेतन और अन्य देय भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि कर्मचारियों और अन्य पात्र लाभार्थियों को समय पर भुगतान मिल सके।

————————————————————————————

जनसुराज पार्टी ने विधान परिषद चुनाव के लिए तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। पार्टी ने डॉक्टर अनुज सिंह को पटना स्नातक सीट से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने डॉक्टर विमोहन कुमार को तिरहुत स्नातक सीट और भूषण झा को तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है।

————————————————————————————

मॉनसूनी गतिविधि बढ़ने और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के प्रभाव के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। पटना और आस–पास के क्षेत्रों में सुबह से ही लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भभुआ, गोपालगंज और पश्चिम चंपारण जिले में भारी बारिश की संभावना जताई है।

––साउंड बाइट––

————————————————————————

गयाजी में कल से विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले की शुरूआत हो रही है। यह मेला दस अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान देश–विदेश से आए श्रद्धालु विष्णुपद, देवघाट सहित विभिन्न पिंड वेदियों और सरोवरों पर तर्पण तथा पिंडदान का अनुष्ठान करेंगे। जिला प्रशासन ने तीर्थ यात्रियों को सुरक्षा और सुविधा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रबंध किये हैं।

————————————————————————

बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर सहरसा, रोहतास समेत राज्य के विभिन्न अस्पतालों में चिकित्सकों ने आज हड़ताल की। संघ ने सहरसा सदर अस्पताल के चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में हड़ताल बुलाई है।

————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने बिहार लोक सेवा आयोग की सहायक विकास विस्तार अधिकारी एडीईओ परीक्षा में फर्जीवाड़े का सरगना सतीश कुमार यादव को पटना से गिरफ्तार कर लिया। उसे आज मुंगेर में प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में पेश किया गया।

————————————————————————

कटिहार की स्थानीय अदालत ने गैर इरादतन हत्या और एससी–एसटी अत्याधर निवारण कानून के उल्लंघन मामले में तीन अभियुक्तों को छह–छह वर्ष के सश्रम कारवास की सजा सुनाई है।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – सेवा की भावना से चार करोड़ परिवारों को घर और पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गंगा, गंडक और कोसी नदी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। गाद प्रबंधन के लिए अधिकारियों को दिए विशेष निर्देश।

03. समस्तीपुर में एक नाबालिग छात्रा से दुर्व्यवहार के मामले में चार अभियुक्त गिरफ्तार। विपक्ष का आरोप – राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर।

04. और, मौसम विभाग ने भभुआ, गोपालगंज और पश्चिम चंपारण जिले में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।